अपील संख्या एस–8–0164/ए/2024

श्री कुंवरसेन धनगर बनाम ज0सू0अ0 कार्या0 उद्यान एवं खाद्य प्रसस्करण विभाग, जनपद–बरेली।

समक्षः श्री राजेन्द्र सिंह, मा0 राज्य सूचना आयुक्त, उ0प्र0।

## आदेश

पत्रावली का अवलोकन कर पाया गया कि दिनांक–29.05.2024 की सुनवाई हेतु उभयपक्षों को दिनांक–15.05.2024 को पंजीकृत डाक के माध्यम से नोटिस प्रेषित की गयी थी। आज पुकार करायी गयी। शिकायतकर्ता ऑनलाईन उपस्थित हुये। विपक्षी अनुपस्थित हैं।

पत्रावली पर अपीलार्थी का ई–मेल पत्र उपलब्ध है, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि सूचनायें प्रमाणित प्रति में उपलब्ध कराने का आदेश पारित करें।

आयोग द्वारा आज की सुनवाई हेतु विपक्षी को नोटिस दिनांक–15.05.2024 को पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित की जा चुकी है। डाक विभाग की ट्रैकिंग रिपोर्ट के अवलोकन से स्पष्ट है कि विपक्षी को नोटिस दिनांक–17.05.2024 को डिलीवर हो चुकी है, जिसके बावजूद वह उपस्थित नहीं हुये और न ही उनके द्वारा सूचनायें उपलब्ध कराई गईं। ऐसा प्रतीत होता है कि जनसचूना अधिकारी अपीलार्थी को साशय जानबूझकर सूचनायें नहीं उपलब्ध कराना चाहते हैं।

न्यायहित में प्रतिपक्षी जनसूचना अधिकारी/कार्यालय उद्यान एवं खाद्य प्रसस्करण विभाग, जनपद–बरेली को अपीलार्थी के आवेदन पत्र दिनांक–04.02.2024 की छायाप्रति संलग्न करते हुये अन्तिम नोटिस प्रोषित की जाय कि वह नियत सुनवाई तिथि से पूर्व अपीलार्थी के आवेदन पत्र का निस्तारण करते हुये कृत कार्यवाही की सुस्पष्ट आख्या/अभिकथन नियत तिथि पर आयोग के समक्ष प्रस्तुत की जाय, अन्यथा की स्थिति में उनके विरूद्ध अधिनियम की धारा–20 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की जा सकती है।

वाद वास्ते अग्रिम सुनवाई तिथि दिनांक–19.09.2024 को प्रस्तुत हो।

(राजेन्द्र सिंह)
राज्य सूचना आयुक्त
29.05.2024

कार्यालय सुनवाई कक्ष संख्या एस–8 की
Email ID.hearingcourts8.upic@up.gov.in